**<u>प्रेस नोट दिनांक 21.06.2025</u>**

**<u>थाना हाफिजगंज जनपद बरेली</u>**

# थाना हाफिजगंज पुलिस टीम द्वारा मुठभेड़ के दौरान 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार,01 अभियुक्त बायें पैर में गोली लगने से घायल,कब्जे से 01 तमन्चा 315 बोर मय 01 खोखा कारतूस 315 बोर नाल में फंसा, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01तमन्चा 12 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर, 01 मोटर साईकिल रजि0 नं0 UP25DW482 बरामद

**<u>संक्षिप्त विवरणः-</u>**

दिनांक 12.06.2025 को वादी श्यामाचरन पुत्र श्री लालाराम निवासी ग्राम जासपुर थाना हाफिजगंज जिला बरेली द्वारा तहरीर दी गयी कि दिनांक 12.06.2025 की शाम 4 बजे उसका नाती जितिन पुत्र राजकुमार मो0सा0 नं0 UP25DW4828 गांव के पास दक्षिण दिशा में कच्चे रास्ते पर चलाना सीखने के लिए लेकर गया था। तभी वहां पर एक बाइक पर सवार 03 व्यक्ति आये और वादी के नाती को तमंचा दिखाकर धमकी देते हुए उसकी जेब में रखा सैमसंग कम्पनी का मोबाइल व उक्त स्पलेण्डर मो0सा0 U525DW4828 को लूटकर ले गये । इस सम्बन्ध में थाना हाजा पर दिनांक 12.06.2025 को मु0अ0सं0 254/25 धारा- 309(6) बीएनएस बनाम 03 अज्ञात पंजीकृत किया गया ।

दिनांक 20.06.2025 को समय करीब 23.35 बजे सूचना पर स्थानीय थाना पर पंजीकृत मु0अ0सं0 254/25 धारा 309(6) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्तगण को गुलड़िया महीपत के जंगल के पास रास्ते पर आ रहे मोटरसाइकिल सवार 03 व्यक्तियों को चैकिंग के लिए रोकने का प्रयास किया गया तो उनके द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया । पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी कार्यवाही में 01 अभियुक्त बायें पैर में गोली लगने से घायल हुआ है। घायल अभियुक्त व उसके 01 साथी को मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया तथा दूसरा साथी मौके से भौगोलिक स्थितियों का फायदा उठाकर फरार हो गया । पूछताछ में घायल अभियुक्त ने अपना नाम प्रमोद उर्फ पकौड़ी पुत्र प्रताप उम्र करीब 27 वर्ष नि0 ग्राम पूरनपुर थाना बिथरी चैनपुर जनपद बरेली तथा दूसरे अभियुक्त ने अपना नाम सन्नी कुमार पुत्र वीरपाल निवासी ग्राम पूरनपुर थाना बिथरी चैनपुर जनपद बरेली बताया । दोनों अभियुक्तों ने फरार हुए अपने साथी का नाम प्रशान्त पटेल पुत्र सतीश कुमार नि0 ग्राम पूरनपुर थाना बिथरी चैनपुर जनपद बरेली बताया । घायल अभियुक्त प्रमोद उर्फ पकौड़ी के कब्जे से 01 तमन्चा 315 बोर मय 01 खोखा कारतूस 315 बोर नाल में फंसा हुआ व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर एवं दूसरे अभियुक्त सन्नी कुमार पुत्र वीरपाल के कब्जे से 01तमन्चा 12 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर तथा मु0अ0सं0 254/25 से सम्बन्धित लूटी गयी 01 मोटर साईकिल रजि0 नं0 UP25DW482 बरामद हुई है । घायल अभियुक्त प्रमोद उर्फ पकोड़ी को सीएचसी नवाबगंज प्राथमिक उपचार हेतु भेजा गया जहाँ से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 0268/2025 धारा 109 बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>**

1.प्रमोद उर्फ पकौड़ी पुत्र प्रताप उम्र 27 वर्ष नि0 ग्राम पूरनपुर थाना बिथरीचैनपुर जनपद-बरेली।

2.सन्नी कुमार पुत्र वीरपाल निवासी ग्राम पूरनपुर थाना बिथरीचैनपुर जनपद-बरेली।

**<u>फरार अभियुक्तः-</u>**

प्रशान्त पटेल पुत्र सतीश कुमार नि0 ग्राम पूरनपुर थाना बिथरीचैनपुर जनपद-बरेली

**आपराधिक इतिहासः-**

**प्रमोद उर्फ पकौड़ी पुत्र सतीश कुमारः-**

1.मु0अ0सं0 26/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना इज्जतनगर बरेली
2.मु0अ0सं0 1059/18 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना इज्जतनगर बरेली
3.मु0अ0सं0 291/17 धारा 392 भादवि थाना प्रेमनगर , बरेली ।
4.मु0अ0सं0 892/16 धारा 392/411 भादवि थाना बारादरी, बरेली ।
5.मु0अ0सं0 898/17 धारा 356/379/411 भादवि थाना बारादरी, बरेली ।
6.मु0अ0सं0 97/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बिथरी चैनपुर , बरेली ।
7.मु0अ0सं0 182/21 धारा 323/336/452/504/506 भादवि थाना बिथरी चैनपुर, बरेली ।
8.मु0अ0सं0 286/23 धारा 147/148/149/307/341 भादवि थाना बिथरी चैनपुर, बरेली ।
9.मु0अ0सं0 291/22 धारा 323/452/504/506 भादवि थाना बिथरी चैनपुर, बरेली ।
10.मु0अ0सं0 307/19 धारा 147/148/149/352/504/506 भादवि थाना बिथरी चैनपुर, बरेली ।
11.मु0अ0सं0 317/23 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना बिथरी चैनपुर, बरेली ।
12.मु0अ0सं0 319/17 धारा 41/102 सीआरपीसी व 411/413/414 भादवि थाना बिथरी चैनपुर, बरेली
13.मु0अ0सं0 427/20 धारा 363/366 भादवि थाना बिथरी चैनपुर बरेली ।
14.मु0अ0सं0 435/20 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बिथरी चैनपुर बरेली ।
15.मु0अ0सं0 696/24 धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट व 109/3(5)/304(2)/317(2) बीएनएस थाना बिथरी चैनपुर बरेली

**प्रशान्त पटेल पुत्र सतीश कुमारः-**

1.मु0अ0सं0 259/24 धारा 147/148/323/325/506 भादवि थाना बिथरी चैनपुर , बरेली ।

**बरामदगी का विवरणः-**

01 तमन्चा 315 बोर मय 01 खोखा कारतूस 315 बोर नाल में फंसा, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 तमन्चा 12 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर, 01 मोटर साईकिल रजि0 नं0 UP25DW482

**पुलिस टीम का विवरणः-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री पवन कुमार
2. प्रभारी एसओजी मय टीम
3.प्रभारी सर्विलांस मय टीम
3. निरीक्षक अपराध श्री राजबली सिंह
4. उप निरीक्षक श्री वैभव गुप्ता
5. उप निरीक्षक श्री दीपक वर्मा
6. उप निरीक्षक श्री नितेश चौधरी
7. हेड कांस्टेबल 645 दिनेश कुमार
8. हेड कांस्टेबल 1098 अरविंद कुमार
9. कां0 3814 विमल कुमार
10. कां0 3776 अंकित तोमर
11. कां0 3731 विनीत
12. कां0 चालक सरताज अली
13. कां0 2649 बॉबी कुमार
14. कां0 1601 मोहित कुमार